**JALAUN POLICE**

**दिनांक – 12.12.2025**

## महिला की हत्या की घटना का सफल अनावरण, घटना में संलिप्त अभियुक्त गिरफ्तार

**श्रीमान अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक, झांसी परिक्षेत्र, झांसी के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक जालौन के कुशल नेतृत्व में थाना गोहन पुलिस टीम द्वारा हत्या की घटना का सफल अनावरण करते हुये घटना में संलिप्त अभियुक्त को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की गयी।**

अवगत कराना है कि दिनांक 20.11.2025 को वादी बृजेन्द्र कुमार पुत्र श्रीराम निवासी ग्राम जैतपुर ने थाना गोहन में तहरीरी सूचना दी थी कि दिनांक 20.11.2025 को मेरी माँ मझली पत्नी श्रीराम उम्र करीब 56 वर्ष घर से लकड़ी बीनने के लिए गयी थी। जब शाम को घर वापस नहीं आयी तो हमने तलाश किया तो रविन्द्र के खेत के पास नाला मे मेरी माँ का शव मिला। इस सूचना के आधार पर थाना गोहन पुलिस द्वारा मृत्तिका के शव पंचायतनामा की कार्यवाही पूर्ण कर पोस्टमॉर्टम कराया गया तथा वादी की तहरीर के आधार पर थाना गोहन पर मु0अ0सं0-144/25 धारा-103(1) बीएनएस बनाम अज्ञात के पंजीकृत किया गया।

पुलिस अधीक्षक जालौन द्वारा उक्त घटना के सफल अनावरण एवं अभियुक्तगण की गिरफ्तारी हेतु अपर पुलिस अधीक्षक जालौन के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी माधौगढ के नेतृत्व में थाना गोहन पुलिस को लगाया गया था

आज दिनांक 12.12.2025 को थाना गोहन पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र में रोकथाम अपराध, चैकिंग संदिग्ध व्यक्ति, लुटेरे, वाहन चोर / वांछित अपराधी एवं पतारसी सुरागरसी के दौरान जांच/विवेचना से प्रकाश में आये अभियुक्त लालू पुत्र ओमप्रकाश निवासी ग्राम कुण्डऊ थाना गोहन जनपद जालौन मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है।

आरोपी लालू उपरोक्त ने पूछताछ में जुर्म कबूल/इकबाल करते हुये बताया है कि साहब घटना के कुछ दिन पहले जंगल में महिलाओं लकडियाँ बीन रही थी तो मैने शशी से कहा मेरे लिये भी लकडियाँ बीन/इकट्ठा कर दो तुमको 200 रुपये देंगे, तभी बीच में ही मझली बोलने लगी कि अपने घर की अम्मा/बहन को लकडियाँ बीनने के लिये मेरे घर भेज दो मैं तुमको रुपया दूंगी और उल्टा सीधा बोलने लगी तो अन्य महिलाओं ने बीच-बचाव कर दिया था जिससे मैं वहाँ से चला गया था। दिनांक 20.11.2025 जब मैं जंगल की तरफ गया हुआ था तो गंधा नाला के पास मझली उपरोक्त अकेले लकडियाँ बीन रही थी तो मेरे द्वारा कहा गया कि तुम उस दिन बहुत उल्टा सीधा बोल रही थी, अबकी बार से ज्यादा बोली ठीक कर देगें इसी बात को लेकर मझली गाली-गलौज करने लगी तो आवेश/तैश मे आकर मैने मझली उपरोक्त का कसकर गला दबा दिया तो वह बोहोस होकर जमीन पर गिर गयी और मैं वहाँ से चुपचाप भाग गया था।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण –**

1. लालू पुत्र ओमप्रकाश उम्र करीब 22 वर्ष निवासी ग्राम कुण्डऊ थाना गोहन जनपद जालौन

**गिरफ्तार करने वाली टीम-**

**1- थानाध्यक्ष मय पुलिस टीम।**